# अग्रवाल कॉलेज में बांटे कपड़े के थैले



■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़** : प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए अग्रवाल कॉलेज में सोमवार को SDG क्लब ने स्टाफ व छात्रों को कपड़े के बैग बांटे। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि कार्बन फुटप्रिंट को कम करना शिक्षा जगत की प्रमुख जिम्मेदारी है। क्लब के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि 155 छात्र-छात्राओं को कपड़े के बैग दिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के उप प्रधान गिरिराज माहेश्वरी, प्रिता आहूजा, सरिता हांडा, नीलम गोयल, रमेश गोयल, विवेक आहूजा व क्लब के कोर्डिनेटर उपस्थित रहे।